The main issue involved in the two courts was the prices fixed by the Government under the provisions of Drugs (Prices Control) Order, 1979 for the said products.

(b) to (d) Delhi High Court gave the direction to the Govt. in the case of M/s. Glaxo India Limited to review the prices. The prices have since been fixed after review.

(c) Does not arise.

Allotment of Dealership/Agencies of Petrol Pump, cooking gas, Diesel and Kerosene oil

1271. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state:

(a) what is the number of persons who applied for dealerships/agencies of Petrol pumps, cooking gas, diesel/kerosene oil during the period from December 1989 to July, 1990, State-wise;

(b) what is the number of persons whom the said dealerships were given by Government on the basis of their fulfilling the eligibility criteria laid down for this purpose; and

(c) what is the number of dealerships-agencies which have been allotted by Minister under his discretionary quota?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI M.S. GURUPADASWAMY): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

(c) Twenty four Diesel/Petrol retail outlet dealerships, twenty-five LPG distributorships and fourteen kerosene dealerships were granted at the discretion of Government, on merits of individual cases, from Febraury to July, 1990. No such allotment was made in December, 1989 and January, 1990.

दामोदर घाटी निगम से बिहार और पश्चिमी बंगाल को मिलने वाली बिजली की सप्लाई का बन्द किया जाना

1273. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दामोदर घाटी निगम से बिहार और पश्चिमी बंगाल को मिलने वाली बिजली की सप्लाई बन्द कर दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं और इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है ; और

(ग) इस स्थिति से निपटने के लिये सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री पी० उपेन्द्र) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

बिजली की कमी के कारण पश्चिमी बंगाल और बिहार स्थित कोल इंडिया लि. की कोयला खानों को हुई हानि

1274. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिजली की कमी के कारण पश्चिमी बंगाल और बिहार स्थित कोल इंडिया लि० का अधिकांश कोयला-खानों को भारी नुकसान उठाने पड़े हैं ;

(ख) यदि हां, तो जून और जुलाई, 1990 के महीनों में विभिन्न कोयला खानों की कार्य क्षमता पर क्या प्रभाव पड़ा है तथा इस प्रकार से हुई हानि का ब्यौर क्या है; और

(ग) इस स्थिति से निपटने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री पी० उपेन्द्र) : (क) जी, हां।

(ख) जून तथा जुलाई, 1990 के महीनों के दौरान पूर्वी क्षेत्र की खानों में बिजली की कमी होने के कारण कोयले के उत्पादन की हानि हुई। 25 तथा 26 जून, 1990 को पूर्वी क्षेत्र में ग्रिड के फेल हो जाने के कारण कोयला खानों में बिजली की आपूर्ति बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुई। उक्त क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण स्थिति और बिगड़ गई। पानी में डूबने की वजह से 111 कार्य स्थानों पर कोयले के उत्पादन पर प्रभाव पड़ा। (ई०सी० एल० 31, वी०सी०सी०एल० 50, सी० सी०एल० 30) चूंकि बिजली में व्यवधान होने के कारण पानी को निकालने के कार्य में रुकावट आई। इस अवधि, के दौरान कोयले के उत्पादन में हुई हानि का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

कोयले के उत्पादन में हानि (लाख टन में)

माह	ई०को०लि०	भा०को०को० लि०	से०को०लि०	जोड़
जून, 90	2.75	2.00	1.00	5.75
जुलाई, 90	3.94	2.15	1.70	7.79

(ग) कोयला खानों में बिजली की आपूर्ति में सुधार करने के लिये उठाये गये कुछ सुधारात्मक कदम नीचे दिये गये हैं :—

(1) बिजली की आपूर्ति की स्थिति पर लगातार निगरानी रखना तथा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत बोर्ड, डी०वी०सी०, एन०टी०पी०सी०, बिहार राज्य विद्युत बोर्ड तथा कोल इंडिया लि० के बीच निकटतम समन्वय रखना ताकि कोयला कम्पनियों को प्राथमिकता के आधार पर बिजली की आपूर्ति की जा सके।

(2) नार्दर्न ग्रिड तथा उड़ीसा से डी०वी०सी० पद्धति को अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति।

(3) कोयला कम्पनियों के पास उपलब्ध लघु कपटिव विद्युत आपूर्ति यूनिटों का लगातार प्रचालन।

(4) कोयला तथा गैर-कोयला आपूर्ति फीडरों का पृथक्करण।

दिल्ली और राज्यों की राजधानियों के बीच सीधी विमान सेवा

1275. **श्रीमती सुषमा स्वराज** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने राज्यों की राजधानियां ऐसी हैं जहां अभी तक दिल्ली से सीधी विमान सेवा की सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(ख) इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) समस्त राज्यों की राजधानियों को दिल्ली से सीधी विमान सेवा से कब तक जोड़ दिया जायेगा ?